खाली बोतलें, रैपर और मशीनें... छापा पड़ा तो दुकान में मिला नकली दवाओं का जखीरा, ट्रैक्टर-ट्रॉली में ले जानी पड़ी खेप



बिहार में जमुई जिले के खैरा इलाके में नकली दवाओं के एक बड़े रैकेट का खुलासा हुआ है. ब्रांड प्रोटेक्शन सर्विस प्राइवेट लिमिटेड और जमुई पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी की, इस दौरान करीब एक करोड़ रुपये से ज्यादा की नकली दवाएं जब्त की गई हैं. छापेमारी के दौरान कफ सिरप, बुखार की दवाइयां और 600 से 800 रुपये प्रति बोतल वाली दवाइयों के साथ बड़ी मात्रा में खाली बोतलें, रैपर्स, मशीनें और पैकिंग सामग्री भी बरामद की गई.

Source: https://www.aajtak.in/bihar/story/crores-worth-of-counterfeit-medicines-seized-in-jamui-warehouse-raid-packing-machines-bottles-and-fake-drugs-recovered-lcla-strc-2300006-2025-07-31